पाठ 5

# मीठे बोल

बोलचाल से हमारे स्वभाव का पता लगता है। कौआ और कोयल दोनों का रंग–रूप एक–सा होता है, लेकिन कोयल अपनी मीठी बोली के कारण सबको प्यारी लगती है। कौआ अपनी कर्कश बोली के कारण अप्रिय लगता है। मीठा बोलकर हम दूसरों का मन जीत लेते हैं। मीठे बोल से बढ़कर संसार में कोई दूसरी चीज नहीं होती। मीठे बोल का महत्व इस कविता में पढ़ें।



मीठा पेड़ा, मीठा खाजा,
मीठा होता हलुआ ताजा।
मीठे होते लड्डू गोल,
सबसे मीठे, मीठे बोल।।
मीठे होते आम रसीले,
पके–पके और पीले–पीले।
मीठे सेव, संतरे गोल,
सबसे मीठे, मीठे बोल।।
मीठा होता गुलगुल भजिया,
गरम जलेबी सबसे बढ़िया।
मीठे रसगुल्ले अनमोल,
सबसे मीठे, मीठे बोल।
मीठी होती खीर हमारी,
मीठी होती कुल्फी न्यारी।
मीठा होता रस का घोल,
सबसे मीठे, मीठे बोल।।



## शब्दार्थ

मीठे बोल – प्रिय बोलना, नम्रता से बोलना

रसीले – रस भरे

नीचे लिखे शब्दों के अर्थ कोष्ठक में से छाँटकर खाली स्थान में लिखो।

अनमोल ————————————

न्यारी ————————————

(जिसकी कीमत न आँकी जा सके; निराली, सबसे अलग)

## प्रश्न और अभ्यास

प्र.1. मीठे बोल से कवि का क्या तात्पर्य है ?

प्र.2. चार मीठे फलों के नाम लिखो।

प्र.3. हमें मीठे बोल क्यों बोलने चाहिए ?

प्र.4. इस कविता में रसगुल्ला को अनमोल मीठा क्यों बताया गया है ? सोचकर लिखो कि मीठा रसगुल्ला अनमोल होता है या मीठे बोल अनमोल होते हैं?

प्र.5. कठोर बोल मीठे होते हैं या कोमल बोल?

प्र.6. क और ख में से अधूरी पंक्ति लेकर कविता की पंक्तियाँ पूरी करो और लिखो।

| क्र.सं. | क | ख |
|---|---|---|
| 1. | मीठी होती | लड्डू गोल |
| 2. | मीठा होता | मीठे बोल |
| 3. | मीठे होते | खीर हमारी |
| 4. | सबसे मीठे | रस का घोल |

प्र.7. जलेबी, आम, लड्डू, मीठे होते हैं। नीचे बने खण्डों में कुछ खट्टी, कड़वी और तीखी चीजों के नाम लिखो।

| खट्टी चीजें | कड़वी चीजें | तीखी चीजें |
|---|---|---|
| ................. | ................. | ................. |
| ................. | ................. | ................. |
| ................. | ................. | ................. |
| ................. | ................. | ................. |
| ................. | ................. | ................. |

प्र 8. जब कोई तुमसे प्यार से बातें नहीं करता तब तुम्हें कैसा लगता है ?

## भाषा–अध्ययन और व्याकरण

प्र.1. नीचे दिए गए शब्दों से मिलते–जुलते तुकवाले दो–दो शब्द सोचकर लिखो।

क– न्यारे  ग– ताजा  ख– गोल  घ– प्यारी

प्र.2. नीचे दिए गए शब्दों के विपरीत अर्थवाले शब्द लिखो।

क– मीठा  ख– ताजा  ग– पके  घ– गरम

प्र3. पहचानकर लिखो – सबसे अलग कौन?

क– सेब, केला, पपीता, इमली ।

ख– पेड़ा, गुलाबजामुन, समोसा, जलेबी ।

ग– सूर्य, चंद्रमा, तारे, चिड़िया ।

घ– कार, गिलास, स्कूटर, साइकिल ।

प्र4. नीचे दिए गए वर्णों से चार शब्द बनाकर वाक्यों में प्रयोग करो।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | के | सं | म | सी | फ | ला | ता | त | ल | रा |

## रचना

- मीठे बोल कविता पढ़कर तुमने क्या समझा ? अपने शब्दों में लिखो।

## योग्यता विस्तार

- इस दोहे को पढ़ो, याद करो और इसका अर्थ समझकर कक्षा में बताओ।

ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय।
औरन को शीतल करै, आपहु शीतल होय।।

3M5837

### शिक्षण–संकेत

- कविता का सस्वर वाचन करें और अनुकरण वाचन कराएँ।
- दिए गए चित्रों पर बच्चों से चर्चा कराएँ।
- स्वाद में मीठी वस्तुओं के नाम पूछें
- छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सूची बनवाएँ।
- मीठे बोल और कड़वे बोल के बारे में बच्चों से चर्चा करें।